शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िसा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमॉक. 027/कुलसचिव कार्या./NEP/2024 रायगढ़, दिनॉक 19/06/2024

//अधिसूचना//

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिये लागू की गई है। राज्य शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्ग दर्शिका के अनुरूप महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पंजीयन एवं प्रवेश के लिये प्रवेश प्रक्रिया संबंधी अधिसूचना विश्वविद्यालय वेब साइड पर दिनांक 18.06.2024 को अपलोड कर दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार सत्र 2024–25 के लिये विद्यार्थियों द्वारा चयन किये जाने हेतु विषय समूह की सूची विश्वविद्यालय के वेब साइड पर उपलब्ध करा दी गई है। जिसका अवलोकन छात्र/छात्राओं द्वारा अवश्य ही किया जाये। नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रवेश के संबंध में किसी तरह का कोई भी संशय होने की स्थिति में विद्यार्थी जिन महाविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक है वहां के नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा एवं प्राचार्य से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक 835/अका./2024 रायगढ़, दिनांक 10.06.2024 का भी अवलोकन कर लें।

विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अनुरोध है कि प्रवेश लेने वाले महाविद्यालय की विश्वविद्यालय से संबद्धता एवं महाविद्यालय में उपलब्ध अकादमिक स्टॉफ एवं संसाधनों के संबंध में भी पूर्ण जानकारी प्रदान कर महाविद्यालय में विद्यार्थियों का प्रवेश करायें। इसके अतिरिक्त नई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों का अवलोकन विश्वविद्यालय के वेब साइड पर लगातार करते रहें।

अतः विश्वविद्यालय वेब साइड का निरंतर विद्यार्थी एवं अभिभावक अवलोकन करते रहें। इसके अतिरिक्त स्थानीय समाचार पत्रों में भी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी विज्ञापित की जायेगी जिसका विद्यार्थी निरंतर अवलोकन करते रहें।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्र.028/कुलसचिव कार्या./NEP/2024 रायगढ़, दिनॉक 19/06/2024

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।
02. माननीय आयुक्त के निज सहायक को आयुक्त को अवगत कराने विषय में सूचनार्थ।
03. नोडल अधिकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सूचनार्थ।
04. समस्त प्राचार्यो को सूचनार्थ की प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्राओं को नई शिक्षा नीति के संबंध में स्पष्ट जानकारी देवें।
05. परीक्षा/गोपनीय शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
06. संपादक...इस अनुरोध के साथ की उपरोक्त अधिसूचना छात्र/छात्राओं के हित में निशुल्क प्रसारित करे।
07. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner